आकाशवाणी श्री विजयपुरम

06.11.2026 समय : 1905

1. उप राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री ने दीपावली से पहले धनतेरस पर देशवासियों के लिए सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की।
2. सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय का विशेष स्वच्छता अभियान पूरा, डेढ़ लाख किलोग्राम से अधिक कबाड़ हटाया गया।
3. सांसद बिष्णु पद रे ने जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 13 जेटियों के पुनर्निर्माण और चार नए जहाजों की खरीद का मुद्दा उठाया।
4. रांची में राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग प्रतियोगिता में अंडमान–निकोबार के खिलाड़ियों ने लहराया परचम, 4 स्वर्ण सहित 11 पदक जीते।

<><><><><><><>

देशभर में आज धनतेरस का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। दीपावली से पहले मनाए जाने वाले इस पर्व को धन, आरोग्य और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इस दिन भगवान धन्वंतरि, माता लक्ष्मी और भगवान कुबेर की पूजा की जाती है। धनतेरस पर सोने–चांदी, बर्तन और वाहन सहित नई वस्तुओं की खरीदारी करने की परंपरा है। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उपराष्ट्रपति ने कामना की कि भगवान धन्वंतरि की कृपा से सभी के जीवन में सुख, उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि आए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देशवासियों के जीवन में सुख, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि हर घर में खुशियों और उत्साह का दीप सदैव जलता रहे।

<><><><><><><>

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने अपने कार्यालयों और मीडिया इकाइयों में स्वच्छता, अभिलेखों के बेहतर रखरखाव और लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष अभियान के छठे चरण को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। अभियान के दौरान एक लाख तिरेसठ हजार दौ सौ तेरह किलोग्राम से अधिक कबाड़ का निपटारा किया गया। इससे कार्यालयों में चालीस हजार दो सौ अठहत्तर वर्ग फुट जगह खाली हुई। इसके अलावा, खुले स्थानों पर स्वच्छता के एक हजार तीन सौ अड़तालीस से अधिक अभियान चलाए गए और लगभग एक हजार पांच सौ उन्नीस स्थानों की सफाई की गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अभियान की तैयारियों के दौरान मंत्रालय और उसकी विभिन्न मीडिया इकाइयों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने आम जनता से जुड़े कार्यालयों में स्वच्छता को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। मंत्रालय के अनुसार, आकाशवाणी के विभिन्न केंद्रों ने भी इस अभियान में उल्लेखनीय योगदान दिया।

<><><><><><><>

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि भारत सौर ऊर्जा के क्षेत्र में रवांडा के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए उत्सुक है। श्री जोशी ने नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन की नौवीं बैठक के दौरान रवांडा के बुनियादी ढांचा मंत्रालय के राज्य मंत्री अरमांड ज़िंगिरो से मुलाकात की। श्री जोशी ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि दोनों नेताओं के बीच बिना बिजली ग्रिड वाले क्षेत्रों में सौर ऊर्जा के उपयोग पर चर्चा हुई। इसमें सौर ऊर्जा से सिंचाई, कोल्ड स्टोरेज और कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण जैसे विषय शामिल थे। उन्होंने कहा कि भारत इस साझेदारी को आम लोगों के लिए लाभकारी बनाने के उद्देश्य से रवांडा के साथ मिलकर काम कर रहा है।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार के सांसद बिष्णु पद रे ने द्वीपों में समुद्री संपर्क व्यवस्था मजबूत करने के लिए 13 जेटियों के पुनर्निर्माण, चार नए जहाजों की खरीद और बंबूफ्लैट में जहाज निर्माण केंद्र स्थापित करने का मुद्दा उठाया। उन्होंने तीन नवम्बर ओडिशा के पुरी में केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की अध्यक्षता में हुई मंत्रालय की सलाहकार समिति की बैठक में ये मांगें रखीं। उन्होंने मंत्रालय से इन परियोजनाओं को शीघ्र मंजूरी देने का अनुरोध करते हुए कहा कि इससे द्वीपों में सुरक्षित और सुचारु समुद्री परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

<><><><><><><>

आकाशवाणी श्री विजयपुरम केन्द्र की ओर से कल शाम साढ़े छ बजे आमने सामने कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा, जिसमें उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा के दिशा निर्देश में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम पर दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त पूर्वा गर्ग के साथ की गई बातचीत आप सुन सकेंगे।

<><><><><><><>

आकाशवाणी श्री विजयपुरम में 27 अक्टूबर को हुई कैजुअल ब्रॉडकास्ट असिस्टेंट का परिणाम घोषित कर दिया गया है। अभ्यर्थी चयन परिणाम आकाशवाणी श्री विजयपुरम के मुख्य द्वार पर लगे डिस्प्ले बोर्ड पर देख सकते हैं।

<><><><><><><>

झारखंड के राँची में 30 अक्टूबर से 4 नवंबर तक आयोजित राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग प्रतियोगिता में अंडमान–निकोबार के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 11 पदक जीते। इनमें 4 स्वर्ण, 2 रजत और 5 कांस्य पदक शामिल हैं। प्रतियोगिता में ईशो ने पुरुषों की 200 मीटर स्प्रिंट और टीम स्प्रिंट में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने कीरीन स्पर्धा में रजत पदक भी हासिल किया। नमिता वायलेट ने कनिष्ठ महिला 200 मीटर स्प्रिंट में स्वर्ण पदक जीता। वहीं, उप–कनिष्ठ बालिका व्यक्तिगत समय परीक्षण में आई. एस. ब्रिडनी ने सैंतीस दशमलव चार सात नौ सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीतने के साथ नया राष्ट्रीय कीर्तिमान बनाया। मेसी कार्टसन ने उप–कनिष्ठ बालक व्यक्तिगत समय परीक्षण में रजत पदक हासिल किया। इसके अलावा डेविड बेकहम, सेलस्टीन, लियोनार्ड बैकर, सॉ जेकरिया, डेरिकसन, फेथ और ब्रिटनी ने भी विभिन्न स्पर्धाओं में पदक जीतकर द्वीपसमूह का गौरव बढ़ाया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर अंडमान–निकोबार प्रशासन के खेल एवं युवा मामले विभाग ने सभी पदक विजेताओं, प्रशिक्षकों और सहयोगी कर्मचारियों को बधाई दी है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के उप शिक्षा कार्यालय का खेल विभाग 13 नवंबर को नेताजी स्टेडियम में द्वितीय सीआरसी प्राथमिक स्तरीय वार्षिक एथलेटिक प्रतियोगिता आयोजित करेगा। प्रतियोगिता सुबह साढ़े आठ बजे शुरू होगी। इसमें बालवाटिका से पाँचवीं कक्षा तक के विद्यार्थी भाग लेंगे। आयोजन का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, शारीरिक फिटनेस और खेल प्रतिभा को बढ़ावा देना है।

<><><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने दिसंबर 2026 की अंतिम परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। परीक्षा 25 नवंबर से शुरू होगी। परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थी इग्नू समर्थ पोर्टल पर पहचान संख्या और पासवर्ड के माध्यम से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी क्षेत्रीय केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>